डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2019 में आज 'बहुभाषी रचना पाठ' का आयोजन

हिंदी, उर्दू, पंजाबी और ओड़िया साहित्यकारों ने प्रस्तुत की अपनी रचनाएँ

नई दिल्ली, 6 जनवरी 2019। साहित्य अकादेमी द्वारा आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में सायं 5.00 बजे, हाल सं. 12 के लेखक मंच में 'बहुभाषी रचना–पाठ' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात ओड़िया कवि वासुदेव सुनानी ने की। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कहानीकार अशोक मिश्र ने अपनी हिंदी कहानी 'हीरा नचनिया' का पाठ किया। ग्रामीण परिवेश को प्रस्तुत करती इस कहानी ने वहाँ की सामाजिक संरचना के मार्मिक पहलुओं को प्रदर्शित किया। प्रख्यात हिंदी कवयित्री सुशीला पुरी ने अपनी कुछ प्रेम कविताएँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने ये कविताएँ 'बोलना' शीर्षक से एक श्रृंखला से ली। युवा कवि गुरप्रीत वोडेवाल ने पंजाबी में अपनी कविताएँ प्रस्तुत की। सामाजिक परिस्थितियों पर तंज कसती हुई उनकी ये कविताएँ श्रोताओं को खूब पसंद आई। उर्दू के युवा शायर इरशाद खान सिकंदर ने अपनी कई ग़ज़लें व नज्में प्रस्तुत की। उनकी ग़ज़लों और नज्मों को श्रोताओं ने बेहद पसंद किया। आधुनिक समय में हमारी विभिन्न युवा मनोवृत्तियों पर उन्होंने बड़े पैने ढ़ग से अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंत में रचना पाठ की अध्यक्षता कर रहे वासुदेव सुनानी ने अपनी एक कहानी और एक कविता प्रस्तुत की। उनकी कहानी एक हिजड़े को लेकर थी जिसमें विभिन्न वर्गों की प्रतिक्रियाएँ शामिल थीं। उनकी कविता का शीर्षक था 'सरदी में सरदार'। कार्यक्रम के अंत में साहित्य अकादेमी के संपादक अनुपम तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

8 जनवरी 2019 को सायं 5.00 बजे 'आदिवासी लेखक सम्मिलन' का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात लेखक एवं कवि हरिराम मीणा करेंगे और इसमें बंजारा, भिलोरी एवं गोरबोली भाषाओं के रचनाकार अपनी रचनाएँ भी प्रस्तुत करेंगे।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

नई दिल्ली

AUTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
Organised by
राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
BOOK TRUST, INDIA
NEW DELHI
5-13 JANUARY 2019

UTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
Organised by
NEW DELHI
WORLD BOOK FAIR
5-13 JANUARY 2019
PRAGATI MAIDAN, NEW DELHI
लेखक
एवं
साहित्य मंच
नई दिल्ली
विश्व
5-13
2019

AUTHOR'S
CORNER
TRUST, INDIA
NEW DELHI
5-13
JANUARY
2019
BOOK FAIR
adidas

THOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
लेखक
एवं
साहित्य मंच
नई दिल्ली
5-13
जनवरी
NEW DELHI
5-13
JANUARY